घरों के बाहर कीचड़ व गंदा पानी, दो वर्ष पहले शिलान्यास हुई सड़क और नाली का इंतजार

भीण्डर, (निसं)। घर के बाहर निकलो और दरवाजे पर रोजाना गंदा पानी और कीचड मिलता हो तो आप ऐसी कॉलोनी में रहना पंसद नहीं करेंगे, लेकिन भीण्डर की रामेश्वर कॉलोनी में पिछले दो वर्ष से सभी घर वाले ऐसी स्थितियों में रहने को मजबूर है। यहां दो वर्ष पहले 17 जून 2022 को सडक और नालियां बनाने के कार्य का पालिका ने शिलान्यास किया था, लेकिन ये निर्माण कार्य आज दिन तक नहीं हुआ उलटा ये मोहल्लेवासियों के लिए आफत बन गया और घरों के बाहर पानी भरना शुरू हो गया। पालिका के सफाई कर्मचारी

■ **भीण्डर के रामेश्वर कॉलोनी का मामला गंदे पानी की निकासी के लिए पालिका नहीं बना रही नालियां**

इस कॉलोनी में सफाई तक नहीं करने आते है।

भीण्डर नगर पालिका कार्यालय से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित रामेश्वर कॉलोनी के करीब 30 मकान के निवासरत्त कॉलोनीवासियों को प्रतिदिन घरों के बाहर भरे गंदे पानी में से होकर गुजरना पडता है। यहां गंदे पानी की निकासी के लिए ना तो नालियों को निर्माण हो रखा हैं और ना ही सडक बनी हुई है। कॉलोनीवासी पिछले काफी समय से मांग करने के बावजूद भी नगर पालिका इस पर ध्यान नहीं दे रही है।

रामेश्वर कॉलोनी में सडक व नाली निर्माण के लिए नगर पालिका ने वर्ष 2022 में टेंडर प्रक्रिया करके 18 लाख में सडक और नाली निर्माण का कार्य आदेश जारी कर दिया था। इसके बाद 17 जून 2022 को इस कार्य का शिलान्यास भी कर दिया गया। लेकिन इसके बाद नगर पालिका ने ठेकेदार को निर्माण करने से रोक दिया और आज दिन तक निर्माण नहीं हुआ।शिलान्यास के बाद ठेकेदार ने सडक निर्माण के लिए खुदाई कर दी और कुछ दिनों बाद काम रोक दिया। इसके बाद से घरों से निकलने वाला गंदा पानी बाहर एकत्रित होना शुरू हो गया और ये समस्या पिछले दो वर्ष से बनी हुई है। कॉलोनीवासियों ने पिछले दो वर्ष में कई दफा पालिका और पार्षद को अवगत करवा दिया लेकिन आज दिन तक इस समस्या का हल नहीं हुआ। रामेश्वर कॉलोनी में नगर पालिका के सफाई कर्मचारी सफाई करने भी नहीं आते हैं, ना ही कचरा लेने के लिए टेम्पो आता है। जबकि नगर पालिका की जिम्मेदारी हैं कि सभी कॉलोनियों में सफाई व्यवस्था और कचरा निस्तारण समय पर किया जाएं। लेकिन यहां ये सुविधा नहीं मिल पा रही हैं, इस वजह से कॉलोनीवासियों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। जितेन्द्र कुमार साहु, पार्षद वार्ड 9 नगर पालिका भीण्डर ने बताया कि मेरे वार्ड में स्थित रामेश्वर कॉलोनी की समस्या को लेकर पालिका को अवगत करवा करके दो वर्ष पहले रोड व नाली स्वीकृत करवाई, लेकिन शिलान्यास के बाद उसका भी निर्माण नहीं हुआ। वहीं इस कॉलोनी में ना तो सफाई होती हैं और ना ही कचरा एकत्रित करने टेम्पो जाता है। नगर पालिका ईओ को कई दफा अवगत करवाने के बाद भी इस कॉलोनी की समस्या का हल नहीं करते है। रसेल सिंह, कार्यवाहक ईओ नगर पालिका भीण्डर ने बताया किइस मामले को दिखवाता हूं, अगर ऐसी परेशानी हैं तो इसको हल करने का प्रयास करते हैं। निर्मला भोजावत, अध्यक्ष नगर पालिका भीण्डर ने बताया किइस कॉलोनी में सडक और नाली निर्माण का शिलान्यास होने के बाद विपक्षी पार्षदों और एक भाजपा महिला पार्षद के पति ने विरोध करके निर्माण नहीं होने दिया। जबकि इस कॉलोनी की स्वीकृति पिछले बोर्ड के दौरान हुई थी, उसमें भी केवल आंतरिक शुल्क जमा हुआ था बाहरी शुल्क जमा नहीं हुआ था। ये भी जांच का विषय है। लेकिन वर्तमान में कॉलोनीवासियों की परेशानी दूर करने के लिए ईओ को सफाई के लिए कहां तो हमें जेसीबी लाकर सफाई करने की बात कहीं, जबकि ये दायित्व जिम्मेदार अधिकारी का बनता है।

भीण्डर नगर के वार्ड 9 की रामेश्वर कॉलोनी में घरों के बाहर भरा हुआ पानी व कीचड़।

पति, सास व सुसर गिरफ्तार

डूंगरपुर, (निसं)। कोतवाली थानान्तर्गत शहर के प्रतापनगर निवासी निधि पत्नी निशांत पंचाल द्वारा 24 जून को आत्महत्या कर ली थी। जिसको लेकर उदयपुर से उसके पीहर पक्ष के कई परिजन मौके पर पहुंच कर प्रदर्शन किया था। और इस मामले में यश पुत्र दामोदर पंचाल निवासी भोपालवाडी उदयपुर ने दहेज हत्या का प्रकरण दर्ज करवाया था। इसके बाद पुलिस ने जांच के बाद निधि के पति निशांत पुत्र प्रकाश पंचाल, प्रकाश पुत्र गणेशलाल पंचाल तथा इन्दिरा पत्नी प्रकाश पंचाल निवासी प्रतापनगर को दहेज हत्या के मामले में गिरफ्तार किया है। प्रकरण के अनुसार निधि के पिता यश पंचाल ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि 2020 में निशांत के साथ विवाह करवाया था। और शादी के बाद उसे यह उलहाना दिया जाता था कि उसके द्वारा पुत्र पैदा नहीं किया गया है। जिसके कारण उसे लगातार प्रताडित किया जाता था। साथ ही दहेज के रूप में भी उसके पिता ने कुछ नहीं दिया और दहेज की मांग को लेकर आये दिन उसके साथ परेशान कर मारपीट करते थे। इसके पश्चात उन्होने कई बार समझौते के प्रयास किये। लेकिन परिवार जनो के व्यवहार में कोई परिवर्तन नही आया। गत 12 मई को उसकी बेटी ने फोन करके बताया कि उसके साथ दहेज की मांग को लेकर मारपीट की गई है। जिस पर वे तत्काल डूंगरपुर पहुंचे। और ससुराल वालों से समझाने का प्रयास किया लेकिन उन्होने उनकी कोई बात नहीं सुनी। उसने इस संबंध में अपनी सहेली को भी घटनाक्रम से अवगत कराया था और आखिरकार 24 जून को उसकी मौत की खबर आई।

वृद्धा ने की आत्महत्या

उदयपुर, (कासं)। शहर के हिरणमगरी थाना क्षेत्र में वृद्धा ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। अन्यत्र गोगुन्दा थाना क्षेत्र में वृद्धा की अकाल मौत हो गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोंमवार को हिरणमगरी थाना क्षेत्र पानेरियों की मादड़ी निवासी जसकुंवर (69) पत्नी मोतीलाल मैनारिया ने अपने मकान में फांसी लगा ली। इसका पता चलने पर परिजनों ने उसे फंदे से निचे उतार कर एमबी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल रतनसिंह ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। प्रारंभिक अनुसंधान में पता चला कि जसकुंवर लंबे समय से बीमार रहती थी। इससे परेशान होकर आत्महत्या करने की जानकारी सामने आई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोगुन्दा थाना क्षेत्र मादा गांव निवासी नानकी बाई (70) पत्नी चेनाराम गमेती की सोमवार को अकाल मौत हो गई।

इसकी सूचना मिलने पर परिजनों ने उसे गोगुन्दा चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया। इसकी सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल गोविन्दसिंह ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। नानकी बीमार रहती थी। सोमवार को तबीयत खराब होने पर परिजन उसे चिकित्सालय ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर मृतका के भाई नानाराम की रिपोर्ट पर पुलिस ने मृग कार्यवाही कर शव उसे सौंप दिया।

उत्तर पश्चिम रेलवे

स्टेशन टिकट बुकिंग एजेन्ट आमंत्रण सूचना हेतु शुद्धि पत्र

संख्या C/436/STBA/20245-25 दिनांक 01.07.2024

इस कार्यालय के पत्र सं. C/436/STBA/20245-25 दिनांक 05.06.2024 के द्वारा अजमेर मण्डल के 38 NSG-6 श्रेणी के स्टेशनो पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेन्टो की नियक्ति हेतु आवेदन मांगे गए थे जिनकी अंतिम तिथि 10.07.2024 नियत है। इसी क्रम मे अब उक्त निविदा सूचना मे NSG-5 श्रेणी के फतेहनगर स्टेशन को भी शामिल किया जाता है जिसकी बयाना राशि रू. 5000 एवं जमानत राशि रू. 25000 देय होगी। निविदा की अन्य नियम व शर्ते यथावत रहेगी।

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) अजमेर

752-CR/24

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

कार्यालय उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल,वृत,उदयपुर
(RHB Office Building पारस सिंघवी सेक्टर-11, उदयपुर-313001)

क्रमांक:-उप.आ.आ./वृत्त-उदय/2024-25/175
दिनांक :-22.5.2024

-: जाहिर आम सूचना (दौहरा रजिस्ट्री) :-

आवास संख्या 2/143 आय वर्ग LIG माप 72.00 वर्ग मीटर योजना भुवाणा आवासीय योजना शहर उदयपुर का श्री इन्द्रजीत सिंह पुत्र रामपाल सिंह राणा को नीलामी के तहत आवंटन पत्र क्रमांक 84 दिनांक 28.04.2011 जारी कर दिनांक 16.09.2011 को कब्जा दिया गया। उक्त आवास का अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 965 दिनांक 14.10.2011,श्री इन्द्रजीत सिंह पुत्र रामपाल सिंह राणा को जारी किया गया एवं प्रथम पंजीयन दिनांक 25.03.2013 द्वारा श्री इन्द्रजीत सिंह पुत्र रामपाल सिंह राणा के पक्ष में निष्पादित करवाई गई।

पंजीयन उपरान्त श्री इन्द्रजीत सिंह पुत्र रामपाल सिंह राणा ने उक्त आवास का बैचान विक्रय-पत्र (पंजीकृत) दिनांक 14.03.2014 को श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री किशन लाल कुमावत को किया गया। श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री किशन लाल कुमावत ने उक्त आवास का नामान्तरण अपने पक्ष में करने हेतु कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। इस कार्यालय द्वारा पत्रांक 2634 दिनांक 31.03.2016 को श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री किशन लाल कुमावत को कार्यालय आदेश जारी किया गया। तत्पश्चात श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री किशन लाल कुमावत ने पुन:उक्त आवास का बेचान विक्रय-पत्र (पंजीकृत) द्वारा दिनांक 28.01.2021 को श्री केशन सिंह मेहड़ू पुत्र श्री छतर सिंह को किया गया।

श्री केशन सिंह मेहड़ू पुत्र श्री छतर सिंह ने प्रार्थना पत्र, आवश्यक प्रपत्र मण्डल के निर्धारित प्रपत्रों में प्रस्तुत कर इस कार्यालय मे निवेदन किया है कि उक्त आवास को उनके नाम कर दिया जावें।

अत: इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 10 दिवस के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय को सूचित करे अन्यथा आपत्ति नहीं होने के कारण आवास संख्या 2/143, भुवाणा आवासीय योजना,उदयपुर का नामान्तरण श्री केशन सिंह मेहड़ू पुत्र श्री छतर सिंह के पक्ष में हस्तानान्तरण कर मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।

उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल,वृत-उदयपुर

सार-समाचार

शिक्षा के बढ़ते आयामों पर विचार विमर्श

उदयपुर,(कासं)। गीतांजली इन्स्टिटियूट ऑफ टेक्नीकल स्टडीज डबोक उदयपुर (गिट्स), में राजस्थान तकनीकी विवि के कुलपति ने गिट्स के छात्रों व शिक्षकों से इन्जिनियरिंग शिक्षा के बढते आयामों पर विचार विमर्श किया। संस्थान के निदेशक डॉ. एन. एस. राठौड ने बताया कि तकनीकी प्रगति के साथ-साथ शिक्षकों को भी अपने ज्ञान को अपग्रेड करने की आवश्यकता हैं। आज का युग तकनीकी बदलाव का युग हैं। हमें इस बदलाव में कदम से कदम मिलाकर चलना होगा। तकनीकी के बदलते इस दौर में गिट्स ने अपने संरचित पाठ्यक्रमों में गिट्स ने स्टुडेंट रेडी, ए.आई. रेडी जैसे अनुठे कार्यक्रमों की शुरूआत की हैं। यह कार्यक्रम छात्रों की रचनात्मक और नवाचारी क्षमताओं को विकसित करने के लिए डिजाइन किया गया हैं ताकि वे वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के लिए सरल समाधान तैयार कर सके। इसी को देखते हुए राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एस.के सिंह ने गिट्स के छात्र छात्राओं व शिक्षकों को इन्जिनियरिंग शिक्षा के बढते आयामों पर विचार विमर्ष के लिए चयनित किया। सिंह ने कहा कि शिक्षक को भी अपने ज्ञान व कौषल में नवीनीकरण करते रहने की जरूरत हैं। समय के साथ इन्जिनियरिंग के बहुआयामी होने के कारण मेजर और माइनर ब्रान्च की व्यवस्था शुरू करने पर विचार हो रहा है। इससे विद्यार्थियों को विभिन्न ब्रान्च का ज्ञान आसानी से हो जायेगा। एन.पी.टी.ई.एल. के पाठ्यक्रम को छात्र और षिक्षक दोनों को करना चाहिए, ये पाठ्यक्रम नवीनतम तकनीकी ज्ञान प्राप्त करने में मदद करते हैं। धन्यवाद ज्ञापन मैकेनिकल इन्जिनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ. दिपक पालीवाल द्वारा किया गया। इस षिक्षा उपयोगी चर्चा में वित्त नियंत्रक बी.एल.जांगिड सहित पूरा गीतांजली परिवार उपस्थित था।

चोरी की वारदात का खुलासा

डूंगरपुर, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन द्वारा प्रभावी गश्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए गए निर्देशों के बाद पुलिस प्रशासन पूरी तरह हरकत में आ गया है और पिछले दिनों हुई वारदातो के खुलासे को लेकर किए जा रहे प्रयासों में आशातित सफलता भी हासिल हो रही है। इसी के तहत सदर पुलिस ने गत 24 मई को खेड़ा कचवासा में ई मित्र पर हुई चोरी का न केवल खुलासा किया अपितु चोरी का माल खरीदने वाले को भी सार्वजनिक करते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार 24 मई को शैलेंद्र पुत्र डायालाल सेवक ने रिपोर्ट में बताया था की अज्ञात बदमाश 223 मई की रात को बस स्टेंड पर दुकान में सेंधमारी कर तोडफ़ोड के साथ ही करीब 1 लाख 67 हजार नगद, सिल्क 3 हजार, 25 एंड्रॉयड फोन, 35 किपेड फोन, 6 बॉक्स चार्जर, 40 इयरफोन, लैपटॉप, एलिडी, 9 सीसीटीवी कैमरा, एक डीविआर, कलर प्रिंटर सहित लगभग 20 हजार का किराना सामान चुरा ले गए थे। मामले में प्रकरण दर्ज कर सदर पुलिस ने दो आरोपी रामसागर निवासी धवल उर्फ चिराग पुत्र विजयपाल परमार, राजू उर्फ राजा परमार तथा माल खरीदने वाले सिंधी कॉलोनी डूंगरपुर निवासी शेखर पुत्र सुरेश खुशलानी, महेंद्र पुत्र लालशंकर ननोमा, सुनील पुत्र मुकेश कोटेड निवासी इंद्रखेत तथा आशीष उर्फ आदी पुत्र राजू गमेती निवासी भुवाली बिछीवाड़ा को गिरफ्तार किया है। इस मामले में सदर थाना प्रभारी गिरधारी सिंह तथा एएसआई पोपट लबाना ने साइबर सेल की टीम की सहायता से घटना का खुलासा किया।

पत्नी की हत्या कर फरार पति गिरफ्तार

डूंगरपुर, (निसं)। कोतवाली थाना क्षेत्र की बिलडी ठाम पंचायत के वीरपुर गांव में अपनी पत्नी की हत्या कर फरार होने वाले आरोपी पति को कोतवाली पुलिस ने वावोल गुजरात से गिरफ्तार किया है। आरोपी अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था। थाना प्रभारी भगवानलाल ने बताया कि दिनांक 29 जून 2024 को गोकुलपुरा निवासी देवीलाल पुत्र हाजा कटारा ने पुलिस को सौंपी रिपोर्ट में बताया कि वर्ष 2021 में प्रार्थी की बहन ललिता का नाता विवाह मनीष उर्फ मनोज पुत्र रामजी बामनिया निवासी वीरपुर के साथ किया था। उसकी एक बेटी भी है। मनीष प्रार्थी की बहन ललीता के साथ आए दिन मारपीट करता था और उसी के चलते 27 जून को प्रार्थी की बहन को मनीष ने जान से मारकर उसे घर में छोडक़र भाग गया है। उक्त रिपोर्ट पर पुलिस दल ने आरोपी के संदिग्ध ठिकानों बलवाड, चुण्डावाडा, बडला खेरवाडा, बलेवडी उदयपुर, गुजरात के गांधीनगर, अहमदाबाद, साणंद , वावोल तरफ तलाश की गई।

जेवरात चोरी

उदयपुर, (कासं)। खेरोदा थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पीडित के घर से जेवर चुरा ले जाने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित रतनलाल पुत्र मगनीराम तेली निवासी मैन मार्केट पट्टानों का मोहल्ला खेरोदा ने आरोपी खेरोदा निवासी सोनलाल तेली पुत्र माधुलाल के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 27 मार्च 2024 को मेरे मकान से 10 किलों चांदी के जेवरात व 6 तोला सोने के जेवरात चोरी हो गए थे। इसका पता चलने पर पडताल की तो आरोपी द्वारा वारदात करने की आशंका के आधार पर परिवाद जरिये प्रकरण दर्ज करवाया। इस मामले में खेरोदा थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

सिलेंडर में लगी आग

डूंगरपुर, (निसं)। कोतवाली थाना क्षेत्र के बोरी आमली फला गांव में मंगलवार सुबह एक केलूपोश घर में आग लग गई। महिला ने खाना बनाने के लिए गैस शुरू किया तो रिसाव होने से आग लग गई। आग तेजी से फैलने से घर का सामान जल गया। दमकल कर्मियों ने बडा हादसा होने से पहले ही आग बुझा दी। कोतवाली थाना एएसआई ने बताया कि सुमिता पत्नी मोहनलाल निवासी बोरी फला आमलिया के घर में मंगलवार सुबह आग लगने की घटना हुई। सुमित्रा ने घर में खाना बनाने के लिए गैस शुरू किया। उसी समय गैस का रिसाव होने से आग लग गई। आग की लपटों ने घर के सामान को चपेट में ले लिया।सुमित्रा चिल्लाते हुए घर से बाहर निकल गई। परिवार के दूसरे लोग भी दौडकर बाहर आ गए। वहींए आसपास के लोग इकट्ठे हो गए और आग बुझाने के प्रयास किए। सूचना पर कोतवाली थाने से एएसआई अशोक कुमार मई जाब्ता के मौके पर पहुंचे। नगर परिषद से फायर ब्रिगेड की गाडी पहुंची और आग पर काबू पाया। वहीं गैस रिसाव से आग बुझाकर सिलेंडर को बाहर निकाल दिया। इससे सिलेंडर में विस्फोट नहीं हुआ और बडा हादसा होने से टल गया।

शिविर में 46 यूनिट रक्तदान

बांसवाड़ा, (निसं)। न्यू लुक शिक्षण संस्थान के 46वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विशाल रक्तदान शिविर का शुभारंभ न्यू लुक संस्थान के लोधा स्थित कैंपस में संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के पवन ने रक्तदान महादान के संदेश के साथ किया।

डॉ पवन ने कहा कि वे स्वयं कई बार रक्तदान कर चुके हैं रक्तदान कर दूसरे का जीवन बचाना एक पुनीत कार्य है। बांसवाडा अंचल में रक्तदान के प्रति जन जागृति बडी है और एक के बाद एक शिविर आयोजित कर इस महादान में आहुति दी जा रही है। सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित हुए शिविर में न्यू लुक संस्थान सदस्यों ने 46 यूनिट रक्तदान किया। साथ ही रक्त समूह की जांच कर आवश्यकता पडने पर रक्तदान के लिए रक्तदाताओं को चिन्हित किया गया। संस्थान के डायरेक्टर डॉ प्रदीप कोठारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि 1978 में स्थापित यह संस्थान वागड आंचल में शिक्षा के नए आयाम स्थापित कर रहा है। संस्थान के सामाजिक सरोकार के आयोजन के तहत इस वर्ष विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संस्थान से जुडे सदस्य रक्तदान किया। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, भारत विकास परिषद एवं महात्मा गांधी राजकीय चिकित्सालय का सहयोग रहा। डॉ. कोठारी ने कहा कि सच्ची शिक्षा वही है जो समाज को संबल प्रदान करें। संस्थान की ओर से वर्ष भर समाज सेवा से जुडे विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संस्थान की अकादमिक डायरेक्टर लता कोठारी ने कहा कि न्यू लोक संस्थान शिक्षा के साथ ही संस्कारों का भी बीजारोपण कर रहा है। न्यू लुक परिवार के सदस्य कॉविड, बाढ व अन्य आपदाओं में अपने स्तर पर सहयोग का भरसक प्रयास करते हैं। उन्होंने संस्थान परिवार के सदस्यों का आभार जताया। न्यू लुक गर्ल्स कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुशील सोमपुरा ने बताया कि इस अवसर रेडक्रॉस इंटरनेशनल सोसायटी के अध्यक्ष डॉ मुन्नवर हुसैन, जिला ब्लड प्रभारी राहुल सराफ, ब्लड कोडिनेटर निलेश सेठ, एमजी हॉस्पिटल ब्लड बैंक इंचार्ज डॉक्टर समीर खान, भारत विकास परिषद के शांतिलाल सेठ, न्यू लुक संस्थान के डॉ अनुपम मेहता, अनामिका व्यास, न्यू लुक की नर्सिंग कर्मी रीना शर्मा, नयन पंचाल, जयदीप सोमपुरा और निशा सिंह का आदि सहयोग रहा।

बांसवाड़ा में न्यू लुक शिक्षण संस्थान के 46वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान करते संस्थान सदस्य।

Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.JAIPUR

No.NIT/2024-25/6225-37 **निविदा सूचना/2024-25** Date:02.07.2024

निम्न लिखित परियोजना पर पथकर वसूली हेतु ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है-

कार्य का विवरण	आरक्षित राशि (रू.)	निविदा सूचना
Collection of Toll Tax on following Road for a period of 02 years-		अल्पकालीन
"Fatehnagar-Dariba & Mangalwar-Nimbahera Road" UBN: RRC2425SLRC00106	585.01 Lakh	ई-041/24-25
(1)"Hanumangarh-Suratgarh Road." UBN:RRC2425SLOB00107	449.77 Lakh	ई-042/24-25

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://roads.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। **महाप्रबंधक**

रावतभाटा राजस्थान साईट, एनपीसीआईएल
ईओआई आमंत्रण संख्या
आरआरसाईट/सीएसआर/2024-25/3

एन.पी.सी.आई.एल., आरआर साईट, सीएसआर और स्थिरता परियोजनाओं का प्रभाव आकलन के निष्पादन के लिए पंजीकृत गैर सरकारी संगठनों, ट्रस्ट और स्वायत्त संगठन आदि से ईओआई आमंत्रित करती है। परियोजना की अनुमानित लागत रूपये 13,75,000/- (रूपये तेहरा लाख पिहत्तर हजार) है। उपरोक्त क्षेत्र में अनुभव रखने वाले इच्छुक पक्ष www.npcil.nic.in से दस्तावेज डाउनलोड कर सकते है या अधोहस्ताक्षरी से सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते है। प्रस्ताव 20.07.2024 को 10.00 बजे तक प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

संबंधित व्यक्ति-श्री सुनीश सक्सेना, प्रोजेक्ट प्रभारी, आर आर साइट।
ईमेल sunishsaxena@npcil.co.in मोबाइल- 9413356828
CBC 48132/12/0005/2425

RAJASTHAN COLLEGE OF AGRICULTURE
MAHARANA PRATAP UNIVERSITY OF AGRICULTURE & TECHNOLOGY
GURU GOVIND SINGH MARG, UDAIPUR 313001

No.RCA/Actt/2024/4548 Dated 02.07.2024

NIT No.: RCA/NIT/2022-23/NIB-12

Sealed offline bids are invited upto 01.00 PM of 09.07.2024 in respect of the following tenders/bids: (i) Bid No. RCA/NIT/2024/NIB-12 **"Works in the crops of cucumber, capsicum, tomato in polyhouse** at Hi-tech Unit **from July, 2024 to March, 2025"** (approx Rs. 3.20 Lakhs) Details may be seen in the Bidding Document at our office or on our websites www.mpuat.ac.in or the website of State Public Procurement Portal website www.sppp.rajasthan.gov.in may be obtained or downloaded on payment of Rs. 500/- in demand draft/online.

DEAN, RCA, Udaipur

मोबाइल व नकदी लूटी

उदयपुर, (कासं)। बाइक सवार से मोबाईल व नकदी लूटने वाले बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 जून रात में घाटी वासला मादड़ी रोड़ पर रमतेश पुत्र खातु कसोटा के साथ मारपीट कर बदमाश ललित पुत्र चुन्नीलाल प्रजापत,ईश्वर पुत्र अर्जुन कसोटा तथा महेन्द्र पुत्र भेरा गुर्जर मोबाईल व 1900 रूपये नकदी लूट ले गए। रमेश रात में बाजार से घर लौट रहा था। जहां बीच रास्ते बैठे आरोपी पीडित को रोक वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

जलापूर्ति लाइन में लगाए ऑनलाइन बूस्टर जब्त

उदयपुर, (कासं)। पीएचईडी विभाग ने मुख्य जलापूर्ति लाइन में बूस्टर लगा कर दूसरों के हक के पानी की चोरी करने वालों पर सख्ती करना शुरू कर दिया है। विभाग की ओर से पिछले एक सप्ताह में कई जगहों से मिली शिकायतों के बाद एक्शन लिया है। नगर उपखंड सप्तम की ओर से अधिकारी सहायक अभियंता यामिनी, कनिष्ठ अभियंता महेंद्र गुप्ता, किरण मीणा, फोरमैन केजी पालीवाल एवं कर्मचारियों ने पारख जी की बाड़ी,पुरोहितों की मादड़ी में यूआईटी कॉलोनी, हरिजन बस्ती में ऑनलाइन बूस्टर बंद एवं जप्त करने की कार्रवाई की है। सहायक अभियंता यामिनी उपाध्याय ने आव्हान किया कि जिन्होंने भी ऑनलाइन बूस्टर लगवा रखे हैं, तुरंत हटवा लें। विभाग की टीम की ओर से आकस्मिक निरीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई लगातार की जा रही है।ऑनलाइन बूस्टर के खिलाफ अभियान के तहत विभाग का अभियान अब निरंतर रहेगा। अधिशासी अभियंता ने बताया कि नियमानुसार बूस्टर जब्त करने के साथ ही 1100 रूपए का जुर्माना किया जाता है। साथ ही अगली बार ऐसा पाए जाने पर कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाती है। शिकायत आने पर विभाग की टीम कार्रवाई करती है तथा लगातार निरीक्षण भी करती है। कई बार ऐसा भी देखा गया है कि पानी की टंकी के पास मौजूद घरों में भी लोग बूस्टर लगा रहे हैं।

जिला शांति समिति की बैठक

उदयपुर, (कासं)। जगन्नाथ रथयात्रा एवं मोहर्रम के मद्देनजर मंगलवार को जिला परिषद सभागार में जिला कलेक्टर अरविंद कुमार पोसवाल की अध्यक्षता में जिला शांति समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक के दौरान आगामी त्योहारों के दौरान जिले में कानून व्यवस्था एवं शांति बनाए

■ **जगन्नाथ रथयात्रा व मोहर्रम आयोजन प्रबंधन को लेकर हुआ विचार-विमर्श**

■ **आपसी समन्वय, भाईचारा व सहयोग की भावना से मनाएं त्यौहार : कलेक्टर**

रखने हेतु शांति समिति के सदस्यों से विचार-विमर्श हुआ तथा जगन्नाथ रथयात्रा एवं मोहर्रम से जुड़े आयोजकों से सुझाव लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर पोसवाल ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों में अनावश्यक शक्ति प्रदर्शन ना हो तथा कोई भी किसी भी प्रकार के हथियारों का प्रदर्शन आदि ना करें। सभी आपसी समन्वय, भाईचारा तथा सहयोग की भावना से त्योहार मनाएं तथा व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि शांति समिति के सदस्यों की जिम्मेदारी है कि वे त्योहारों के दौरान व्यवस्थाएं बनाए रखने में प्रशासन एवं समाज दोनों का सहयोग करें तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर प्रशासन को सूचित करें। बैठक में चर्चा करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने कहा कि समाज के जिम्मेदार नागरिक अपने स्वयं के स्तर से भी शांतिपूर्ण आयोजन हेतु प्रयास करें, माहौल खराब करने वाले शरारती तत्वों के बारे में तत्काल पुलिस को सूचित करें।बैठक के दौरान रथ यात्रा एवं जुलूस से पूर्व संबंधित रूट का मौका मुआयना कर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने, मोहर्रम के जुलूस के दौरान ताजियों की ऊंचाइ तय मानकों के अनुसार करने, रथयात्रा एवं जुलूस के दौरान जिन स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे नहीं है वहां अस्थाई रूप से तत्काल सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था करने, ड्रोन सर्वे करवाने, आयोजनों के दौरान मेडिकल सुविधा एवं एम्बुलेंस उपयुक्त स्थान पर तैनात करने, पुराने शहर में जर्जर भवनों जिनके गिरने का खतरा है ऐसे भवनों पर आयोजनों के दौरान आमजन इकट्ठा ना हो, इस बात का ध्यान रखने हेतु निर्देश प्रदान किए। इसके अलावा रूट के तहत आने वाले मार्गों के बिजली के तारों को चेक करने, आवश्यक स्थानों पर अस्थाइ विद्युत व्यवस्था, मोबाइल टॉयलेट एवं प्रतिवर्ष की भांति आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए। बैठक के दौरान एडीएम सिटी राजीव द्विवेदी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा समेत पुलिस-प्रशासन के आला अधिकारी एवं शांति समिति के सदस्य, विभिन्न समुदाय-समाज के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

जिला शांति समिति की बैठक को संबोधित करते जिला कलेक्टर अरविंद कुमार पोसवाल।

पन्नाधाय कॉलोनी शाखा
जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान 312001
ई-मेल: vjchga@bankofbaroda.co.in

अनुबंध-क अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस
"परिशिष्ट-IV-क" [नियम 8(6) का परन्तुक देखें]

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।
आम लोगों को तथा विशेष रूप से ऋार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी है, का कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जैसी है जहां है", "जो है जैसी है", "जितनी भी उपलब्ध है" और "दायित्व रहित" के आधार पर **बैंक ऑफ बड़ौदा**, प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि नीचे उल्लेखित खाते की वसूली हेतु बेचा जाएगा। ऋणियों/बंधककर्ताओं/जमानतदारों/प्रतिभू